

# आषाढ़ महीना 30 जून से, इस बार 5 मंगलवार का दुर्लभ संयोग

**▸ देवश्यानी एकादशी 25 जुलाई से चातुर्मास शुरू, हनुमान मंदिरों में विशेष आयोजन**

**बड़वानी, (नवभारत)।** हिंदू पंचांग के अनुसार 30 जून से आषाढ़ मास का शुभारंभ होगा। जो 29 जुलाई तक चलेगा। इस बार माह में 5 मंगलवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसे भगवान हनुमान की विशेष कृपा के लिए शुभ माना जाता है। जिले भर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के आयोजन होंगे। इस माह हनुमान, दुर्गा, विष्णु, शिव और वेदव्यास की उपासना का विशेष महत्व है। 25 जुलाई की देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू होगा और मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।



पं. नवीन शर्मा के मुताबिक 30 जून से 29 जुलाई तक चलने वाले इस पवित्र माह में पांच मंगलवार पड़ रहे हैं, जिसे भगवान हनुमान की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस अनूठे संयोग के चलते जिले भर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन होंगे। आषाढ़ मास में भगवान हनुमान, मां दुर्गा, भगवान विष्णु, भगवान शिव तथा महर्षि वेदव्यास की उपासना का विशेष महत्व है। महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना से मंगला गौरी व्रत रखेंगी, जबकि अविवाहित कन्याएं योग्य वर प्राप्ति के लिए व्रत और पूजा करेंगी। आषाढ़ मास का सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन देवशयनी एकादशी है। मान्यता के अनुसार 25 जुलाई को भगवान विष्णु क्षीरसागर में चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाएंगे और इसी के साथ चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।

### साधना, दान व सात्विक जीवन का माह

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस आषाढ़ माह में विष्णु सहस्त्रनाम, श्रीमद्भागवत, शिवपुराण, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, जप-तप, गोसेवा और पितृ तर्पण विशेष फलदायी माने गए हैं। जरूरतमंदों को छाता, चप्पल, वस्त्र और मौसमी फल-सब्जियों का दान पुण्यदायी माना गया है। वहीं तामसिक भोजन, बैंगन, पालक, पत्ता गोभी और मसूर दाल के सेवन से परहेज करने की सलाह दी गई है। धार्मिक दृष्टि से आषाढ़ मास को साधना, संयम, भक्ति और आध्यात्मिक उन्नति का विशेष काल माना जाता है। इस वर्ष पांच मंगलवार और देवशयनी एकादशी से चातुर्मास की शुरुआत के कारण इसका महत्व और भी बढ़ गया है।

**आषाढ़ मास के प्रमुख पर्व और तिथियां**

- 10 जुलाई – योगिनी एकादशी
- 12 जुलाई – प्रदोष व्रत एवं मासिक शिवरात्रि
- 14 जुलाई – भौमवती अमावस्या
- 15 जुलाई– गुप्त नवरात्रि प्रारंभ
- 16 जुलाई– कर्क संक्रांति एवं जगन्नाथ रथयात्रा
- 25 जुलाई – देवशयनी एकादशी, चातुर्मास एवं गौरी व्रत प्रारंभ
- 29 जुलाई– गुरु पूर्णिमा, वेदव्यास पूजन एवं आषाढ़ पूर्णिमा

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लगाए आसन

**पानसेमल, (नवभारत)।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में सामूहिक योग का आयोजन हुआ। उपस्थितजनों ने सूक्ष्म व्यायाम प्राणायाम और योगाभ्यास किया। आयुष विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में एमएलए श्याम बर्डे ने योग के फायदे बताते हुए कहा कि सभी को प्रतिदिन स्वयं के लिए कुछ समय निकालना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ रह सके। हमारी सबसे बड़ी जरूरत हमारा शरीर है हम स्वस्थ रहेंगे तो सभी कार्य सुचारू रूप से कर पाएंगे। योग प्राणायाम से मन को अलग ही अनुभूति होती हैं, सभी को इस दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।



विधायक ने महाविद्यालय के समीप पुलिया निर्माण के कार्य का भी जायजा लिया। महाविद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों की लंबे समय मांग के बाद विधायक श्याम बर्डे के प्रयासों से महाविद्यालय में जाने के लिए पुलिया एवं मार्ग की राशि स्वीकृत कराकर मार्ग निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जिसका अवलोकन करते हुए मटेरियल की गुणवत्ता को लेकर सम्बंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। विधायक बर्डे ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। महाविद्यालय प्रबंधन को भी आश्वस्त किया है कि निर्माण से जुड़ी किसी भी समस्या को लेकर वे सूचित कर सकते हैं। त्वरित कार्रवाई कर आवश्यक सुधार किया जाएगा। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, प्राचार्या संगीता भंडारी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ, सुनील बागले, शासकीय कन्या विद्यालय प्राचार्य सरिता सोलंकी, डॉ राजेश ढोले, विनोद पाटीदार, डॉ विजय गोरे सहित अन्य शामिल हुए।

**एक नजर में**

## नेहरू स्मृति स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह

**सेंधवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा प्रसारक समिति द्वारा



संचालित नेहरू स्मृति हासे हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय जोगवाड़ा रोड़ स्थित परिसर में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मॉर्निंग योगा ग्रुप द्वारा योगाभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। शिविर की शुरुआत प्राणायाम से हुई, जिसमें बच्चों को भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार और भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास कराया। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। मॉर्निंग योगा ग्रुप के शीतल गांधी ने योग के फायदे बताए। संस्था अध्यक्ष रविन्द्रसिंह मंडलोई ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अनिवार्य है। मॉर्निंग योगा ग्रुप सचिव शीतल गांधी एवं प्रतीक भावसार को सम्मानित किया। आभार संस्था सचिव अशोक कुमार सकलेचा ने माना। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष पीरचंद मित्तल, बीएल जैन, दिलीप कानूनगो, उपाध्यक्ष शैलेष कुमार जोशी, सचिव अशोक कुमार सकलेचा, कोषाध्यक्ष दीपक लालका, सह सचिव मनोज कानूनगो, गिरधारीलाल गोयल, प्राचार्य केसी पालीवाल, डॉ भारती भट्ट, हेमंत खेड़े, राहुल मंडलोई व अन्य उपस्थित रहे।

## चेन झपटने वाला गिरफ्तार, बाइक भी जब्त

**दो महीने पुराने मामले का पुलिस ने किया पर्दाफाश**

**पेटलावद।** सोने की चेन झपटने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त कर ली गई है। पुलिस के



अनुसार 25 अप्रैल को फरियादी निशा भण्डारी ने चेन झपटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि वे अपनी पोती को कोचिंग छोड़ने जा रही थीं। इसी दौरान उदय गार्डन के पास मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार के द्वारा फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये थे। थाना प्रभारी पेटलावद द्वारा एक टीम गठित कर टीम द्वारा आधुनिक तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र को मजबूत कर सक्रिय किया गया। रोशन माल उसकी बहन के घर ग्राम बोरपाडा जाने के लिए ग्राम दुलाखेड़ी में पुलिया के पास खड़ा होकर बामनिया तरफ जाने वाली बस का इंतजार कर रहा था, जिसे पेटलावद पुलिस द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटर सायकल कीमती 50 हजार की जब्त की गई है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी करने से पेटलावद की जनता एवं भण्डारी परिवार द्वारा पुलिस की प्रसंशा की गई है। उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना प्रभारी पेटलावद निर्भयसिंह भूरिया व उनकी टीम को नगद पुरूष्कार से पुरूष्कृत करने हेतु ईनाम की घोषणा की गई है। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक निर्भयसिंह भूरिया, उप निरीक्षक गोवर्धन मकवाना, उप निरीक्षक हीरालाल मालीवाड, आरक्षक राहुल मुजाल्दे की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में बने मकानों में गृह प्रवेश

**बदनावर।** आज नगर के वार्ड क्र 15 कालाभाटा मोहल्ले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में तीन हितग्राहियों के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न



हुए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना- शेखर यादव ने फीता काटकर विधिवत गृह प्रवेश कराया और परिजनों को नए आवास की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शेखर यादव के साथ ही वार्ड पार्षद चेनाबाई डावर, वार्ड नं 7 के पार्षद सुखराम देवदा एवं मोहल्ले के लोग मौजूद थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से यहां नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पात्र हितग्राहियों को पक्के एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। नगर परिषद निरंतर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मकान मालिकों ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार माना।

# दिगंबर जैन मंदिर में सहेजी हैं प्राचीन ज्ञान की धरोहर

**▸ प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी, तमिल भाषाओं में कागज और ताम्रपत्र पर अंकित है ज्ञान संपदा**

**बड़वानी, (नवभारत)।** भारत को विश्व में विशिष्ट पहचान दिलाने वाली उसकी प्राचीन ज्ञान परम्परा आज भी अनेक मंदिरों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में सुरक्षित पांडुलिपियों के रूप में जीवित है। इसी अमूल्य धरोहर की खोज, पहचान, सूचीकरण और संरक्षण के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा ज्ञान भारतम् अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर जयति सिंह के नेतृत्व तथा नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शक्तिसिंह चौहान के मार्गदर्शन में गठित समिति इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।



इसी क्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॅरियर सेल के कार्यकर्ताओं एवं जिला स्तरीय ज्ञान भारतम् समिति के सदस्यों ने अंजड़ स्थित भगवान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को विजिट किया।

मंदिर समिति के धर्मेंद्र जैन, जुगलकिशोर पाटनी, सुरेशचन्द्र जैन तथा सुशील कुमार जैन ने समिति सदस्यों डॉ अंतिम मौर्य एवं डॉ मधुसूदन चौबे को पांडुलिपियों का अवलोकन कराते हुए बताया कि मंदिर में वर्तमान में 78 पांडुलिपियां सुरक्षित हैं। इनमें प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी तथा तमिल भाषाओं में लिखित दुर्लभ ग्रंथ सम्मिलित हैं। विशेष बात यह है कि इनमें कागज के साथ-साथ ताम्रपत्रों पर अंकित अभिलेख भी सुरक्षित हैं, जो उनके ऐतिहासिक महत्व को और अधिक बढ़ाते हैं।

इन पांडुलिपियों के संरक्षण में समाज के महिला मंडल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सपना जैन, सरोज पाटनी, मीना जैन, कल्पना जैन सहित समाज की महिलाएं नियमित रूप से इन ग्रंथों की देखभाल, सफाई और संरक्षण का कार्य करती हैं। उनकी सतत सजगता और श्रद्धा के कारण यह ज्ञान-संपदा आज भी सुरक्षित अवस्था में उपलब्ध है।

डॉ अंतिम मौर्य और डॉ मधुसूदन चौबे ने बताया कि पांडुलिपियां केवल पुराने ग्रंथ नहीं होती, बल्कि वे अपने समय के ज्ञान, भाषा, साहित्य, समाज, धर्म, शिक्षा और संस्कृति के जीवंत दस्तावेज होती हैं। मुद्रण कला के व्यापक प्रसार से पहले समस्त ज्ञान हस्तलिखित रूप में सुरक्षित किया जाता था। जिले में संचालित ज्ञान भारतम् अभियान निरंतर सफलता प्राप्त कर रहा है। अब तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त पांडुलिपियों में से 42 पांडुलिपियां स्वीकृत होकर भारत सरकार के ज्ञान

यह कार्य नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शक्तिसिंह चौहान, इतिहासकार डॉ शिवनारायण यादव, डॉ पुष्पलता खरे, डॉ मंगला ठाकुर, तथा प्राचार्य डॉ वीणा सत्य के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा है। विषय विशेषज्ञ के रूप में इंदौर के अनिल जोशी तथा पुरातत्व विभाग भोपाल के अमन असवाल एवं पूजा शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। करियर सेल के कार्यकर्ता भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# मां वैष्णो देवी पदयात्रा पर निकले महाराष्ट्र के दो श्रद्धालु

**▸ नगर आगमन पर किया अभिनंदन**

**पानसेमल, (नवभारत)।** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के 2 श्रद्धालुओं का मां वैष्णो देवी की पैदल यात्रा के दौरान नगर आगमन हुआ। खेतिया रोड पर दिनेश सोनी व परिवार ने भगवा दुपट्टा और शाल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया।



जिला नंदुरबार निवासी संदीप सूरज गोसावी ने बताया कि उनकी मन्नत को लेकर वे 3 वर्ष तक यात्रा करने वाले हैं। पहले वर्ष की यात्रा उन्होंने करीब 68 दिनों में पूर्ण की थी इस वर्ष करीब 50 दिनों में यात्रा पूर्ण होने की संभावना जताई है। प्रथम यात्रा में वे अकेले थे, लेकिन दूसरे वर्ष की यात्रा में उनके साथ अजय सुखलाल गोसावी भी यात्रा कर रहे हैं। भारत रत्न डॉ बाबा साहब उद्यान के निकट दोनों श्रद्धालुओं को सुखद यात्रा की शुभकामनाओं के साथ उन्हें रवाना किया।

**जगह-जगह हुआ स्वागत अभिनंदन**

करीब 1800 किमी की यात्रा के दौरान अलग-अलग राज्यों में श्रद्धालुओं द्वारा भोजन नाश्ते की व्यवस्था की जाती है। पहली यात्रा में उन्हें कोई भी समस्या नहीं हुई। जगह-जगह पर उनका स्वागत अभिनंदन हुआ।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आलीराजपुर में उमड़े लोग, स्वस्थ जीवन का लिया संकल्प

## खेल परिसर में हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, नशा मुक्ति का भी दिलाई शपथ

**आलीराजपुर।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह जिला मुख्यालय के खेल परिसर में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बनाने का संकल्प लिया।



इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही, जिसके अनुरूप पूरे आयोजन में योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान रहे। इस अवसर पर सांसद अनीता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, कलेक्टर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघमित्रा गौतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के कोलकाता से दिए गए योग दिवस संबोधन का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री का संदेश ध्यानपूर्वक सुना और उसके बाद प्रशिक्षकों के निर्देशन में सामूहिक योगाभ्यास किया।

योग सत्र में अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, स्कंदासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। प्रशिक्षकों ने योग के नियमित अभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए नागरिकों से इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के सभी विकासखंडों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी निभाई। जिला प्रशासन, आयुष विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ ली तथा राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ आयोजन का गरिमापूर्ण समापन हुआ।



# शासकीय पीएमश्री कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकानेर में मनाया योग दिवस

**बाकानेर।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 21 जून को अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय पीएमश्री कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाकानेर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ हुई। सुबह 6.30 बजे प्रधानमंत्री का उद्बोधन सभी ने सुना। इसके बाद सामान्य प्रोटोकॉल के तहत प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक सामान्य योगाभ्यास, सूर्यनमस्कार आदि क्रियाएं करवाई गईं। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के कुल 50 प्रतिभागी शामिल हुए। विद्यालय परिसर में योग के प्रति उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। प्राचार्य किरण वास्केल ने बताया कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता

**बदनावर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुक कम हेल्पर का कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन जनपद स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता मॉडल स्कूल बदनावर में शनिवार को रखी गयी।जिसमे ब्लॉक स्तरीय पर मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूह में कार्यरत 108 रसोइयन ने भाग लिया जिनका चयन संकुल स्तर पर चयन किया गया था।रसोइयन द्वारा अलग अलग स्वरूचि भोज बना कर प्रतियोगिता में भाग लिया इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ भोजन जो मेनू अनुसार बना कर लाने वाली रसोइयन का चयन समिति द्वारा प्रथम द्वितीय, तृतीय एवम सांत्वना पुरस्कार प्राप्त रसोइयन जिन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मति मीना यादव ,जनपद पंचायत सीईओ श्री लखन सिंह सिसोदिया द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस मोके पर अतिथिगणों ने अपने उध्बोधन में बताया कि आप आज इस प्रतियोगिता में जो स्वरूचि भोज बना कर लाये हो ऐसा ही भोजन आप विद्यालय में बच्चों को देना चाहिए। कार्यक्रम पर प्रकाश बीआरसी देवनारायण गुजराती ने विस्तार से समझाया।इस अवसर पर अतिथिगणों ने भोजन चख कर परखा।

# पिटगारा चौराहे पर स्पीड ब्रेकर नहीं, लगातार हादसों से उठ रहे सवाल

**बदनावर।** ग्राम पिटगारा चौराहे पर फोरलेन निर्माण कंपनी की कथित लापरवाही के चलते सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। चौराहे से तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां स्पीड ब्रेकर नहीं होने से लोगों की जान जोखिम में बनी हुई है।



**दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़, एसडीएम ने दिए समाधान के निर्देश**

चार दिन पूर्व हुए एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय रमेश बाथम की मृत्यु हो गई। रमेश बाथम मूल रूप से इंदौर जिले के निवासी थे और ग्राम पिटगारा में एक छोटे रेस्टोरेंट तथा फल की ठेला गाड़ी संचालित कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस दुर्घटना के बाद उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और आजीविका का संकट भी गहरा गया है। इससे पहले कानवन क्षेत्र के बीड़ गांव निवासी एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भी इसी चौराहे पर दुर्घटना में जान जा चुकी है। वह अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं, क्योंकि उनके पति का पहले ही निधन हो चुका था। उनकी मृत्यु के बाद उनका सात वर्षीय पुत्र अनाथ हो गया। लगातार हो रही इन दुखद घटनाओं के बावजूद चौराहे पर सुरक्षा के स्थायी इंतजाम नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि फोरलेन निर्माण के दौरान पूर्व में मौजूद स्पीड ब्रेकर हटा दिए गए।

# योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का लिया संकल्प

**योग दिवस पर सामूहिक कार्यक्रम में जुटे बड़ी संख्या में लोग**

**पेटलावद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के सफलतम 12 वर्षों के विश्वास, विकास और जनकल्याण के गौरवपूर्ण सफर के उपलक्ष्य में, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सांदीपनी विद्यालय पेटलावद में एक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा मंडल पेटलावद, प्रशासन और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने वर्चुअल माध्यम से कोलकाता में आयोजित मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग



दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी उद्बोधन सुना गया, जिसने सभी को स्वास्थ्य और योग के प्रति नई ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ता एसडीएम तनुश्री मीणा, जिला उपाध्यक्ष हेमंत भट्ट, मंडल अध्यक्ष संजय कहार ने योग को केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित न रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और एक अनुशासित जीवनशैली का आधार है। सभी नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे योग को अपनी नित्य दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दोहराते हुए इसे जन-जन तक पहुँचाने का आग्रह किया गया। इस सामूहिक योग सत्र में प्रशासनिक और राजनीतिक जगत की कई प्रमुखों ने सहभागिता की। अनुविभागीय अधिकारी तनुश्री मीणा, नगर परिषद सीएमओ राहुल वर्मा, थाना प्रभारी निर्भयसिंह जी भूरिया, जिला उपाध्यक्ष हेमंत भट्ट, सुनील पण्डा, संजय कहार, योगेश गामड़, आयुष विभाग से डॉ संजय पाटीदार, डॉ प्रवेश उपाध्याय, सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य पुरालाल चौहान, परियोजना अधिकारी अजय तिवारी, ग्राम सेवक चौहान व विभिन्न शासकीय संस्थाओं के कर्मचारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**एक नजर में** | **अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद ; दो आरोपी अब भी फरार**

# बदनावर में 40 लाख की बड़ी चोरी का पर्दाफाश

**बदनावर।** पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल के पुत्र महक अग्रवाल निवासी जवाहर मार्ग के घर हुई 40 लाख रुपये की बड़ी चोरी का बदनावर पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 300 ग्राम सोने के आभूषण, करीब दो किलोग्राम चांदी के जेवर एवं बर्तन तथा नकदी बरामद की है। मामले में दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार 2-3 जून 2026 की रात अज्ञात बदमाशों ने मकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखी सोने की लक्ष्मी माता की प्रतिमा, सोने के कंगन, पोची, दो चेन, मोती जड़ति हार सेट, अंगूठियां, बालियां, झुमके, चार सोने के कुर्ते के बटन, चार चांदी के पूजा लोटे, चांदी के ग्लास, कटोरियां, प्लेट, चांदी का आवला सेट, चार जोड़ी पायल, चांदी की इत्रदानी, चांदी के सिक्के तथा डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए थे। इस



संबंध में थाना बदनावर पर अपराध क्रमांक 287/2026 धारा 331(4) एवं 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने स्वयं मौके का निरीक्षण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया। टीम ने बदनावर, लेबड़ और नयागांव हाईवे सहित विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। जांच के दौरान अपराध क्रमांक 288/2026 में चोरी की गई पल्सर मोटरसाइकिल घटगारा स्थित पेट्रोल पंप के पीछे खेत में बरामद हुई। इसी दौरान संदिग्ध स्वीफ्ट कार की गतिविधियां सामने आईं, जिसका पीछा करते हुए पुलिस रतलाम, नामली, जावरा, पिपलोदा और प्रतापगढ़ तक पहुंची। जांच में वाहन रघुवीर पिता पर्वत सिंह निवासी गलियाकोट के नाम पर पंजीबद्ध पाया गया। लगातार तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र की सक्रियता और विभिन्न राज्यों में समन्वित कार्रवाई के बाद पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली। डूंगरपुर, गलियाकोट, नडियाद और बड़ोदरा में की गई तलाश के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर आनंद सिंह पिता पर्वत सिंह सिकलीकर, बलवीर सिंह पिता पर्वत सिंह सिकलीकर, पर्वत सिंह पिता जाम सिंह सिकलीकर, भूरीबाई पति पर्वत सिंह सिकलीकर तथा अमर सिंह पिता लाल सिंह सिकलीकर निवासी ग्राम गलियाकोट, थाना चितरी, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने वारदात स्वीकार कर ली।